बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड

CIN-U31900BR1978SGC001317

(बिहार सरकार का उपक्रम)

पत्रांक MP-164/24

दिनांक 18-03-2024

सेवा में,

सरकार के सभी अपर मुख्य सचिव,
प्रधान सचिव,
सचिव,
विभागाध्यक्ष,
प्रमण्डलीय आयुक्त,
जिलाधिकारी,
अनुमंडलाधिकारी, बिहार, पटना।

विषयः– सेवा प्रदाता के माध्यम से राज्य सरकार के विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत संविदागत कर्मियों यथा–प्रोग्रामर/स्टेनोग्राफर/ डाटा इन्ट्री ऑपरेटर एवं आई0टी0ब्यॉय/गर्ल का नये ERP Portal से उपस्थिति विवरणी/भुगतान के प्रेषण के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक के संदर्भ में अवगत कराना है कि बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि0 (बेल्ट्रॉन) द्वारा "सेवा प्रदाता" के माध्यम से राज्य सरकार के विभिन्न विभागों/कार्यालयों/संस्थानों में कार्यरत संविदागत कर्मियों यथा–प्रोग्रामर/स्टेनोग्राफर/डाटा इन्ट्री ऑपरेटर एवं आई0टी0ब्यॉय/गर्ल का वर्तमान में चल रहे ERP Portal के कार्यकारी एजेन्सी द्वारा कार्य में अक्षमता व्यक्त किये जाने के कारण सभी प्रतिनियुक्त कर्मियों का उपस्थिति विवरणी/भुगतान आदि से संबंधित सभी कार्य अवरूद्ध हो गए हैं।

उपरोक्त को दृष्टिगत रखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत एक ERP Portal तैयार किया गया है, जिसका URL-**https://bsedcerp2.bihar.gov.in** है। इस URL/Portal पर जाकर सभी विभाग/कार्यालयों के सभी नोडल पदाधिकारी अपना User ID (बेल्ट्रॉन द्वारा पूर्व में उपलब्ध कराए गए Customer ID) उपयोग कर Login कर सकते है।

साथ हीं साथ यह भी अवगत कराना है कि पूर्व का ERP Portal जिसका URL-https://bsedcerp.bihar.gov.in है, जिस पर किसी तरह का कार्य सम्पादित नहीं करें, यह ERP Portal तत्काल प्रभाव से बन्द कर दिया गया है।

लगातार पृ0–02

बेलट्रॉन भवन, शास्त्री नगर, पटना-800023

दूरभाष : 0612-2281242, फैक्स : 0612-2281857, वेबसाईट : https://bsedc.bihar.gov.in, ई-मेल : mdbeltron@bihar.gov.in

बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड

CIN-U31900BR1978SGC001317

(बिहार सरकार का उपक्रम)

पत्रांक........................

दिनांक..........................

यह भी सूचित करना है कि सभी विभागों/कार्यालयों में बेल्ट्रॉन द्वारा सेवा प्रदाता के माध्यम से उपलब्ध कराए गए वैसे प्रतिनियुक्त कर्मियों जिनका नये ERP Portal में Mapping नहीं है, वैसे सभी संविदागत कर्मियों का तत्काल पूर्व की भाँती मैनुअली रूप से विभाग/कार्यालय द्वारा प्राप्त अनुपरिथति विवरणी के आधार पर भुगतान आदि से संबंधित कार्यो का निष्पादन बेल्ट्रॉन द्वारा किया जाएगा। भविष्य में ऐसे सभी कर्मियों का नई ERP Portal में Mapping की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

अतः अनुरोध है कि इसका अनुपालन सुनिश्चित किए जाने हेतु अपने अधिनस्थ कार्यालयों/नोडल पदाधिकारियों को निदेशित करना चाहेंगे ताकि विभाग में कार्य कर रहे उक्त सभी संविदागत कर्मियों के उपस्थिति एवं भुगतान का ससमय निष्पादन किया जा सके।

कृपया इसे अत्यावश्यक समझा जाए।

विश्वासभाजन

18/3/24

(अभय कुमार सिंह)
प्रबंध निदेशक

बेलट्रॉन भवन, शास्त्री नगर, पटना-800023

दूरभाष : 0612-2281242, फैक्स : 0612-2281857, वेबसाईट : https://bsedc.bihar.gov.in, ई-मेल : mdbeltron@bihar.gov.in